21.06.2023

PUNJAB KESARI

पुलिस का 'नशा मुक्त दिल्ली' अभियान, 776 तस्कर अरेस्ट

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस ने नशा मुक्त दिल्ली बनाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान छेड़ा हुआ है। साढ़े पांच महीने में ही पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के 615 केस दर्ज कर 776 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। लगातार ड्रग तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही हैं। स्पेशल सीपी (क्राइम) रविन्द्र सिंह यादव ने बताया एलजी विनय कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के नेतृत्व में



नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। ड्रग्स पर नकेल के लिए कई तरह के बड़े ऑपरेशन के साथ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस साल 19 जून तक दिल्ली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 615 मुकदमें दर्ज किए और 776 ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार है। पुलिस ने इनके पास से लगभग 36 किलोग्राम हेरोइन व स्मैक, 15 किलोग्राम कोकीन, एक हजार आठ सौ किलोग्राम गांजा, 233 किलोग्राम अफीम, 10.5 किलोग्राम चरस आदि मादक पदार्थ बरामद किए हैं।

रविंद्र यादव ने बताया कि ड्रग्स तस्करों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के दौरान ये बातें सामने आई हैं कि नशा तस्कर भाग रहे हैं और दिल्ली पुलिस से बचने के लिए अपना ठिकाना बदलने की कोशिश में कर रहे हैं। पुलिस लगातार ड्रग्स तस्करों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। स्पेशल सीपी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी दिवस 26 जून के अवसर पर दिल्ली पुलिस द्वारा 12 से 26 जून 2023 तक "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस पखवाड़े के दौरान सभी जिलों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन एक जिले में रथ जन संपर्क वाहन, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।